डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः– COE/367/2016
दिनांकः– 19-09-2016

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा0 बी0 आर अम्बेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा

विषय :– परीक्षा वर्ष 2016 के प्रायोगिक परीक्षा के अंकपर्ण उपलब्ध करायें जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि परीक्षा वर्ष 2016 में कुछ महाविद्यालय द्वारा तत्परता के साथ प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराके प्रायोगिक अंकपर्ण आनलाइन एजेन्सी को एवं उसकी हार्डकॉपी विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग जमा कर चुके है और उनके सम्बन्धि विषय / पाठ्क्रम का परीक्षाफल भी घोषित हो चुका है। सम्बद्ध महाविद्यालयो में से अभी भी कुछ महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा के अंको की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में जमा नहीं किये गये है। यह स्थिति अत्यन्त आपत्ति जनक है। प्रायोगिक परीक्षा के अंकपर्ण जमा नहीं होने से ऐसे महाविद्यालय के परीक्षार्थियों का परीक्षाफल घोषित नहीं होगा ओर वे छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन पत्र समय से जमा नहीं कर पायेंगे ऐसी स्थिति के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक जिम्मेदार होगें।

प्रायोगिक परीक्षा के अंक पर्ण जमा नहीं करने वाले महाविद्यालयों को चिन्हित कर लिया गया है कुलपति जी के आदेशानुसार ऐसे महाविद्यालय अगले पॉच दिन मे प्रायोगिक परीक्षा के अंकपर्ण की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में जमा नहीं करते है तो उनके स्नातक / स्नाकोत्तर प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और उनकी कालेज लॉगिन भी नहीं खोली जायेगी। ऐसे महाविद्यालय मे प्रवेशित छात्र / छात्राओं को उनके समीप स्थित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु निर्देशित किया जायेगा।

भवदीय

(कैलाश नाथ सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. अधीक्षक कुलपति सचिवालय।
2. एजेन्सी 2016 को इस निर्देश के साथ कि प्रायोगिक परीक्षा के अंकपर्ण जमा न करने वाले महाविद्यालयों के कॉलेज लागिन में एवं ऐसे महाविद्यालयों की सूची के साथ उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक